आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ के समापन पर देश वासियों से साझा किए विचार, कहा– 144 वर्षों के बाद आए महाकुंभ ने भारत की विकास यात्रा में एक नए अध्याय का दिया संदेश।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन पर प्रयागराज में की कई अहम घोषणाएं, कहा– महाकुंभ ने स्थापित किया आस्था और अर्थव्यवस्था के समन्वय का नया प्रतिमान।
- नीति आयोग ने कहा– वर्ष 2025 में चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर की हुई देश की जीडीपी, दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान पर है भारत।
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी, प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में आज भी कई स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश के आसार।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ की परंपरा, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करने के साथ देश और समाज को नए रास्ते सुझाती रही है। श्री मोदी ने कहा कि इस तरह का महाकुंभ 144 वर्षों के बाद आया, जिसने भारत की विकास यात्रा में एक नए अध्याय का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने कल अपने ब्लॉग में ये विचार साझा किए गए। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था। जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। उन्होंने कहा बीते 45 दिन देश के कोने कोने से लाखों लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे थे। श्री मोदी ने कहा हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था। संगम में स्नान और गंगा, जमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। उन्होंने कहा इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था ना ही किस समय पहुंचना है उसकी कोई पूर्व सूचना थी बस लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की। एकता काव्य महाकुंभ देश को नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ाने में मदद करेगा। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

प्रधानमंत्री ने लोगों से एकता को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने और इस समझ के साथ काम करने का आह्वान किया और कहा कि राष्ट्र की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन के अवसर पर कल प्रयागराज का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोजन से जुड़े स्वच्छता कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिसकर्मियों सहित नाविकों, बस एवं परिचालकों से संवाद किया। गंगा मंडपम में आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि महाकुम्भ ने आस्था और अर्थव्यवस्था के समन्वय का एक नया प्रतिमान स्थापित किया है, जिसे दुनिया ने देखा और सराहा। इस दौरान श्री योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस और सुरक्षा बल के जवानों को फेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश देने की घोषणा की।

**अलग–अलग समय में महाकुंभ की ड्यूटी में जो लोग भी भागीदार बने हैं उनको इस रूप में एक सप्ताह का अवकाश मिलेगा लेकिन फिर जब वाइस उन्हें मिलेगा और इसके लिए जो 75000 यहां पर काम कर रहे थे उनमें उत्तर प्रदेश पुलिस पीएसी केंद्रीय पुलिस वाले होमगार्ड पीआरडी और जो भी विभिन्न उससे जुड़े हुए हमारे जवान थे इनकी संख्या 75000 थी इनको हम उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'महाकुंभ सेवा मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा कर रहे हैं'**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस के अराजपत्रित पुलिस कार्मिकों को दस हजार रूपये का बोनस देने की भी घोषणा की। साथ ही महाकुंभ को सफल बनाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। श्री योगी ने स्वच्छता कर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार रूपये का बोनस और 16 हजार रुपए प्रतिमाह का न्यूनतम वेतन देने की भी घोषणा की।

***अप्रैल से हमारा एक कॉर्पोरेशन बनने जा रहा है जिसके माध्यम से हम व्यवस्था करने जा रहे हैं कि जो भी स्वच्छता कर्मी अब काम करेगा कम से कम उसको 16 हजार रूपये हर महीने उसके खाते में हम लोग देने का काम करेंगे। और मिनिमम वेजेस केवल सफाई कर्मियों को ही नहीं उन स्वास्थ्य कर्मियों को भी जिन्हें पूरा वेज नहीं मिल पाता था, उन सबको भी हम इसके साथ जोड़ने जा रहे हैं।***

मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में रोडवेज की बसों का संचालन करने वाले चालकों के लिए भी 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस का ऐलान किया। श्री योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री कोष से योजना के तहत नाविकों को नाव उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए हर नाविक का पंजीकरण होगा और उन्हें 5 लाख का सुरक्षा बीमा और 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा भी मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम भावना से जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम अच्छे ही होते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस की ओर से तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाने का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक साथ एक ही समय में सर्वाधिक लोगों द्वारा नदी की सफाई करने, सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाने और 8 घंटे तक हैंडप्रिंट पेंटिंग बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल है।

**********

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल प्रयागराज जंक्शन पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की और महाकुंभ के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाने के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान उन्होंने रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस मौके पर श्री वैष्णव कहा कि महाकुंभ के लिए रेलवे ने सोलह हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया, जिनमें लगभग पांच करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे। इसमें विभिन्न विभागों ने सहयोग किया।

**********

नीति आयोग ने कहा है कि वर्ष दो हजार पचीस में देश का सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इस तरह भारत दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में पांचवें स्थान पर है। नीति आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए कहा कि भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वर्ष दो हजार पंद्रह के दो दशमलव चार ट्रिलियन डॉलर से बढ़ कर वर्ष दो हजार पचीस में चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर हो गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में जहां–ए–खुसरो दो हजार पचीस के रजत जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। दो मार्च तक अमीर खुसरो की विरासत का उत्सव मनाने के लिए दुनिया भर के कलाकारों को यह महोत्सव एक साथ लाएगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और कलाकार मुजफ्फर अली ने वर्ष दो हजार एक में की थी।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि मुंबई में एक से चार मई तक आयोजित होने वाला विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लोगों को एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कल बेंगलुरु में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स–एवीजीसी सेक्टर के लिए जीएएफएक्स कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया।

**********

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में कल सुबह से ही रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। सहारनपुर, शामली, अमरोहा और हापुड़ में कल हुई बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग में वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी इलाकों में आज भी गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगह गरज चमक के साथ हल्की बारिश होगी और थोड़ा इंटेंसिटी ज्यादा रहेगा। कुछ जगह तेज हवाओं का भी चलन हो सकता है और जैसे कुछ स्मॉल अमाउंट में ओले पड़ने की भी सम्भावना वेस्टर्न यूपी में और अगर हम अपने सेंट्रल पार्ट और ईस्टर्न पार्ट की बात करे तो वहाँ जो हमारा तराई बेल्ट है वहाँ पर गरज चमक के साथ हल्की बूंदा बूंदी के आसार है।**

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आज प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी और बारिश की संभावना है।

**********

इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई की तीन सदस्यीय टीम ने कल संभल की जामा मस्जिद की रंगाई–पुताई और मरम्मत की जांच की। उच्च न्यायालय के आदेश पर आज निरीक्षण रिपोर्ट पेश की जानी है। निरीक्षण के दौरान विवादित स्थल के आस पास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

**********